# HOME SCIENCE (Theory)

# गृह-विज्ञान (सिद्धान्त)

# (321)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has *two* options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

(iv) Draw neat, clean and labelled diagrams wherever necessary.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में **दो** विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) जहाँ भी आवश्यक हो, साफ, स्वच्छ तथा लेबल के साथ चित्र बनाएँ।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** What is the difference between wage employment and entrepreneurship? 1

वैतनिक रोज़गार तथा उद्यमिता में क्या अन्तर है?

**2.** What is the age group of a child during prenatal period and infancy? 1

गर्भावस्था तथा शैशवावस्था के दौरान एक शिशु की क्या आयु होती है?

**3.** What do you understand by social development? 1

सामाजिक विकास से आप क्या समझते हैं?

**4.** State the need for work ethics. 1

कार्यनीतियों की आवश्यकता क्या है?

**5.** What is the importance of Home Science for boys and girls? 2

लड़के तथा लड़कियों के लिए गृह-विज्ञान पढ़ने का क्या महत्त्व है?

**6.** Explain the functions of vitamin D in our body. 2

हमारे शरीर में विटामिन D के कार्यों का वर्णन कीजिए।

**7.** "Management helps us to reach our goals successfully." Elaborate this statement. 2

''अपने लक्ष्य तक पहुँचने में प्रबन्धन की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।'' सविस्तार समझाइए।

**8.** Tabulate the milestones of motor development of a child from 4 months to 8 months. 2

चार माह से आठ माह के शिशु के गत्यात्मक विकास के सोपान तालिकाबद्ध कीजिए।

**9.** Classify the fibres on the basis of length and origin. 2

तन्तुओं की लम्बाई तथा उत्पत्ति के आधार पर उनका वर्गीकरण कीजिए।

**10.** Explain the chemical spinning process for making yarn from filament fibres. 2

दीर्घाकार तन्तुओं से सूत बनाने की रासायनिक प्रक्रिया को समझाइए।

**11.** Enlist any *four* points that you will keep in mind while buying clothes for a six-month-old baby. 2

छः माह के शिशु के लिए वस्त्र खरीदते समय आप किन **चार** बिन्दुओं को ध्यान में रखेंगे ?

**12.** State the importance of meal planning. 4

आहार योजना की महत्ता बताइए।

**13.** Enlist the signs and symptoms of iodine deficiency in adults and young children. 4

वयस्कों तथा छोटे बच्चों में आयोडीन के अभाव के चिह्न एवं लक्षण लिखिए।

**14.** "Decision-making is a continuous process in management." Enumerate the steps involved during decision-making process. 4

''प्रबन्धन में निर्णय-प्रक्रिया एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है।'' निर्णय लेने के चरणों को अंकित कीजिए।

**15.** Examine some of the services provided by e-banking. 4

ई-बैंकिंग की कुछ सेवाओं का उल्लेख कीजिए।

**16.** Assess the principles according to which the development takes place among children. 4

शिशुओं में किन विशिष्ट सिद्धान्तों के अनुसार विकास होता है, समझाइए।

**17.** Trace the milestones of physical development in a child from six weeks to six months of age. 4

छः हफ्ते से छः माह तक के शिशुओं में होने वाले शारीरिक विकास के मील के पत्थरों को लिखिए।

**18.** Which weave gives a shiny surface to the fabric and why? Write *one* disadvantage of such a weave. 4

किस बुनाई से कपड़े की सुन्दर चमकीली सतह बन जाती है और क्यों? इस प्रकार की बुनाई की **एक** हानि लिखिए।

**19.** Enlighten your friend about the misconceptions of HIV transmission. 4

एच० आइ० वी० के संक्रमण से सम्बन्धित भ्रान्तियों के बारे में अपने दोस्त को अवगत कराइए।

**20.** Differentiate between direct and indirect steaming. Enlist *four* advantages of pressure cooking. 6

भाप द्वारा पकाने की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विधि का अन्तर बताइए। प्रेशर कुकिंग के **चार** लाभ अंकित कीजिए।

**21.** Seema wants to redesign her kitchen. Suggest certain guidelines to her for making the work centre more effective. 6

सीमा अपने रसोईघर का नवीनीकरण करना चाहती है। उसे रसोईघर के कार्यक्षेत्रों को अधिक प्रभावशाली बनाने के कुछ सुझाव दीजिए।

**22.** Mercerisation (finish) is given to which fabric? What kind of finish is it? State *four* advantages of this finish. 6

मर्सरीकरण (परिसज्जा) किस कपड़े पर की जाती है? यह किस प्रकार की परिसज्जा है? इस परिसज्जा के **चार** लाभ बताइए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Housekeeping )**

**( गृह-व्यवस्था )**

**23.** Enlist *two* ways of cleaning marble floor. 2

संगमरमर के फर्श को साफ करने के **दो** तरीके अंकित कीजिए।

**24.** State *four* points you will remember while selecting a detergent powder. 2

डिटर्जेन्ट पाउडर का चयन करते समय आप किन **चार** बिन्दुओं को याद रखेंगे?

**25.** Sita has got a job as a housekeeper. Educate her on *four* points of personal grooming habits. 4

सीता को गृहव्यवस्थापक की नौकरी मिली है। उसे आप साज-सज्जा और वेशभूषा के **चार** बिन्दु बताइए।

**26.** State the ingredients and method of making metal polish. 4

धातु की पॉलिश बनाने की सामग्री व विधि बताइए।

## OPTION–II

## विकल्प–II

### ( Creative Hand-embroidery )

### ( कलात्मक हस्त-कशीदाकारी )

**23.** What is a thimble and what is its use? 2

अंगुश्ताना क्या है और इसका क्या उपयोग है?

**24.** Compare naturalised design with stylised design. 2

प्राकृतिक तथा स्टाइलाइज़्ड डिजाइन की तुलना कीजिए।

**25.** Differentiate between complementary colour scheme and split complementary colour scheme. Give examples. 4

पूरक रंग-योजना तथा विभक्त पूरक रंग-योजना में अन्तर बताइए। उदाहरण दीजिए।

**26.** State *two* differences and common points of round and rectangular frames. 4

गोल और चौकोर फ्रेम में **दो** समानताएँ और भिन्नताएँ बताइए।

★ ★ ★